मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 9] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 28 फरवरी 2014-फाल्गुन 9, शके 1935

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

आम सूचना

मेसर्स आदित्य एग्रो फर्म की स्थापना के समय पार्टनर्स श्रीमती ममता सूर्यवंशी पत्नि श्री सी. बी. सूर्यवंशी, उम्र 45 वर्ष, जाति कलार निवासी शिवम सुन्दरम नगर, पी.जी. कॉलेज रोड, छिंदवाड़ा, तह. व जिला छिंदवाड़ा, म. प्र. है एवं द्वितीय पार्टनर श्रीमती रीता घई पत्नि स्व. श्री राजीव घई, उम्र 52 वर्ष, जाति पंजाबी, निवासी पुराना नरसिंहपुर नाका, छिंदवाड़ा, तह. व जिला छिंदवाड़ा म. प्र. थे, लेकिन वर्तमान में मेसर्स आदित्य एग्रो फर्म के द्वितीय पार्टनर श्रीमती रीता घई पत्नि स्व. श्री राजीव घई के स्थान पर नये पार्टनर श्री आदित्य सूर्यवंशी पिता श्री सी. बी. सूर्यवंशी, उम्र 23 वर्ष, निवासी शिवम सुन्दरम नगर, पी.जी. कॉलेज रोड, छिंदवाड़ा, तह. व जिला छिंदवाड़ा, म. प्र. को लिया गया है. वर्तमान में पार्टनर श्रीमती ममता सूर्यवंशी एवं श्री आदित्य सूर्यवंशी है. सूचनार्थ हेतु प्रेषित.

मेसर्स आदित्य एग्रो,
ममता सूर्यवंशी,
(611-बी.) (भागीदार).

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01-04-2012 से भागीदारी पंजीकृत फर्म मे. एस. के. चौहान 49, नर्मदा रोड, म.नं.-1240/ए, गोरखपुर, जबलपुर की भागीदारी में, श्री तेजस चौहान भागीदार के रूप में शामिल कर लिए गए हैं तथा श्रीमती ज्योत्सना एस. चौहान भागीदारी से विलग हो गई है.

मेसर्स एस. के. चौहान,
बलवीर कुमार चौहान,
(612-बी.) (भागीदार).

आम सूचना

आम जनता एवं समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स एस. के. कंस्ट्रक्शन कंपनी जो कि इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट के अन्तर्गत रजिस्टर्ड फर्म है, उक्त फर्म की डीड वर्ष 1983 में बनाई गई थी, जिसमें दो पार्टनर श्री सुनील कुमार गर्ग पिता श्री एच. के. गर्ग एवं श्री दशरथ लाल पिता श्री चमरूलाल बरमिया थे जिनका पता आजाद चौक, छिंदवाड़ा (म. प्र.). उक्त डीड में निम्न संशोधन किये गये हैं :—

1. दिनांक 10-05-1984 से डीड में संशोधन करते हुए श्री दशरथ लाल बरमिया को फर्म से अलग कर उनके स्थान पर श्री संजीव कुमार गर्ग पिता श्री एच. के. गर्ग एवं श्रीमती मोहिनी गर्ग पति श्री एच. के. गर्ग दोनों का पता, आजाद चौक, छिंदवाड़ा को भागीदार बनाया गया.

2. दिनांक 01-04-1998 से फर्म की डीड में हुए संशोधन अनुसार श्री सौरभ गर्ग पिता स्व. श्री एच. के. गर्ग का पता 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर को भागीदार बनाया गया.
3. दिनांक 01-04-1998 से फर्म के मुख्य कार्यालय का पता आजाद चौक, छिंदवाड़ा से परिवर्तित किया जाकर 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर, म. प्र. किया गया है.
4. फर्म के भागीदारों का पता भी परिवर्तित किया गया. नया पता 1. श्री सुनील कुमार गर्ग, 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर, 2. श्री संजीव कुमार गर्ग, 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर, 3. श्रीमती मोहिनी गर्ग, 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर है.
5. फर्म की भागीदार श्रीमति मोहिनी गर्ग पति स्व. श्री एच. के. गर्ग के असमय निधन हो जाने के बाद दिनांक 11-02-2002 को फर्म की भागीदार नहीं रही है.
6. दिनांक 01-04-2005 से संशोधन करते हुए श्री सुनील कुमार गर्ग (एच. यू. एफ.) कर्ता श्री सुनील कुमार गर्ग एवं श्री संजीव कुमार गर्ग (एच. यू. एफ.) कर्ता श्री संजीव कुमार गर्ग एवं सौरभ गर्ग (एच. यू. एफ.) कर्ता सौरभ गर्ग फर्म में पार्टनर बनाये गये, इस तरह फर्म में कुल 06 पार्टनर हैं.
7. फर्म में दिनांक 01-04-2008 को संशोधन करते हुए श्रीमती शिखा गर्ग पत्नि श्री सुनील कुमार गर्ग एवं श्रीमति अर्चना गर्ग पत्नि श्री संजीव कुमार गर्ग एवं श्रीमति श्वेता गर्ग पत्नि श्री सौरभ गर्ग, तीनों निवासी 148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर को पार्टनर बनाया गया है, इस तरह मेसर्स एस. के. कंस्ट्रक्शन कम्पनी के पार्टनरशिप डीड में दिनांक 01-04-2008 के बाद से आज तक कुल 09 भागीदार यथावत हैं, किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, जिसके बाबत् इस आज सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है.

मेसर्स एस. के. कंस्ट्रक्शन कं.,
संजीव कुमार गर्ग,
(भागीदार)
148, ए.पी.आर. कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म. प्र.).

(621-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म राधेलाल श्रीनारायण माहेश्वरी एण्ड संस, होटल गंधर्व कम्पाउण्ड, भगवानगंज, सागर फर्म के भागीदार श्री कैलाशचंद जी माहेश्वरी का स्वर्गवास दिनांक 08-10-2013 को हो गया है.

उनके स्थान पर फर्म के नये भागीदार के रूप में उनकी धर्मपत्नि श्रीमति नीता माहेश्वरी पत्नि स्व. श्री कैलाशचंद जी माहेश्वरी को फर्म में शामिल किया जा रहा है.

जगदीश प्रसाद माहेश्वरी,
(सूचनाकर्ता)
फर्म—राधेलाल श्रीनारायण माहेश्वरी एण्ड संस,
होटल गंधर्व कम्पाउण्ड, भगवानगंज,
सागर (म. प्र.).

(622-बी.)

नाम परिवर्तन

हमने हमारी पुत्री फातेमा का नाम बदलकर फातेमा लोहावाला कर लिया है. अत: अब से हमारी पुत्री को इसी नाम से जाना जावे.

माता—**मुनिरा लोहावाला,**
पिता—**अख्तर हुसैन लोहावाला,**
पता—372-373, खातीवाला टैंक,
बादशाह एम्पायर, इन्दौर (म. प्र.).

(538-बी.)

उप-नाम परिवर्तन

मैं पवन कुमार ऐरन ने अपना नाम परिवर्तन कर पवन अग्रवाल कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :
(पवन कुमार ऐरन)

नया नाम :
(पवन अग्रवाल)
पता—ए/4, संजय उपवन,
एम. आई. जी. कॉलोनी, इन्दौर (म. प्र.).

(605-बी.)

उप-नाम परिवर्तन

मैं अर्चना ऐरन ने अपना नाम परिवर्तन कर अर्चना अग्रवाल कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :

(अर्चना ऐरन)

नया नाम :

(अर्चना अग्रवाल)

पता—ए/4, संजय उपवन,

(606-बी.) एम. आई. जी. कॉलोनी, इन्दौर (म. प्र.).

CHANGE OF NAME

I, Mariamma Onattkunnel Mathen hereby declare that after marriage I have change my name as Maya Rojinder W/o Sanjay Rojinder. So, from now and in future. I will be known by new name.

Old Name :

(MARIAMMA ONATTKUNNEL MATHEN)

New Name :

(MAYA ROJINDER)

W/o Sanjay Rojinder,

Add-176-177 KA, Scheme No. 71,

(607-B.) Gumasta Nagar, Indore (M. P.).

उप-नाम परिवर्तन

शादी से पहले मेरा नाम कु. रिजवाना बानो (Rijwana Bano) था. शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती रिजवाना सैफी (Mrs. Rijwana Saify) पत्नि श्री हकीमउद्दीन सैफी हो गया है. अब मुझे इसी नये नाम से जाना, पहचाना जाये.

पुराना नाम :

(रिजवाना बानो)

नया नाम :

(रिजवाना सैफी)

म. नं. 126, वार्ड नं. 4, मंगलवारा,

(608-बी.) मोती गली, होशंगाबाद (म. प्र.).

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है पूर्व में मेरा नाम रश्मी दुबे (Rashmi Dubey) था जो कि बदलकर मैंने अपना नाम श्रेया दुबे (Shhreya Dubeyy) रख लिया है. भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(रश्मी दुबे)

(RASHMI DUBEY)

नया नाम :

(श्रेया दुबे)

(SHHREYA DUBEYY)

6, गोयल नगर, 205 आर-ब्लॉक,

(609-बी.) इन्दौर (म. प्र.).

उप-नाम परिवर्तन

एतद्द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, हेमलता मण्डलोई (मुख्य कार्यपालन अधिकारी) निवासी—खरगौन, जिला खरगौन (म. प्र.) की निवासी हूं. मेरा विवाह दिनांक 09-01-2007 को श्री अवधेश कुमार शर्मा, निवासी कुम्भराज, जिला गुना (म. प्र.) से सम्पन्न हो गया है. विवाह के पश्चात् मैं, मेरा उपनाम परिवर्तन करा रही हूं.

अत: मेरा नाम हेमलता मण्डलोई के स्थान पर श्रीमति हेमलता शर्मा पढ़ा एवं लिखा जावे.

पुराना नाम :

(हेमलता मण्डलोई)

पुत्री श्री बीरेन्द्र सिंह मण्डलोई

नया नाम :

(हेमलता शर्मा)

पत्नी श्री अवधेश कुमार शर्मा,

निवासी-ब्राह्मण मोहल्ला, कुम्भराज,

(610-बी.) जिला गुना (म.प्र.).

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सईदुद्दीन अंसारी आत्मज श्री जहीरूद्दीन अंसारी, निवासी बिछिया, पोस्ट बटुरा वाया अमलाई कालरी, जिला शहडोल (म. प्र.) शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम सईदुद्दीन अंसारी से बदलकर सईद अहमद कर लिया है. अत: अब मुझे सईद अहमद के नाम से जाना एवं पहचाना जाए.

पुराना नाम :
(सईदुद्दीन अंसारी)

नया नाम :
(सईद अहमद)
पता—बिछिया पोस्ट बटुरा वाया अमलाई,
कालरी, जिला शहडोल (म. प्र.).

(613-बी.)

नाम परिवर्तन

मेरा नाम कुमारी संतोष दुबे पिता श्री विष्णु प्रसाद दुबे था. अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर श्रीमती लीना शर्मा पत्नि श्री दीपक शर्मा हो गया है. अत: भविष्य में मुझे श्रीमती लीना शर्मा के नाम से ही जाना, पहचाना जावे.

पुराना नाम :
(संतोष दुबे)

नया नाम :
(लीना शर्मा)
निवासी—एल.आई.जी. 205, पटेल नगर,
मण्डीदीप, जिला रायसेन (म. प्र.).

(614-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे जन्म प्रमाण-पत्र में प्रियंका लिखा है कि जिसका परिवर्तित नाम शेफाली सोनी है. समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में शेफाली सोनी ही अंकित है. मुझे शेफाली सोनी के नाम से ही लिखा, पढ़ा एवं जाना जाए.

पुराना नाम :
(प्रियंका)

नया नाम :
(शेफाली सोनी)
पिता—प्रकाश चंद सोनी,
एम. आई. जी.-43, दीनदयालपुरम्,
खण्डवा (म. प्र.).

(615-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, कमलेश पिता नागुलाल अपने 'कमलेश' नाम के संबंध में यह सर्व-साधारण को सूचित करता हूं चूंकि मेरे बचपन में मेरे माता-पिता द्वारा दो नाम रामलाल व कमलेश रखा गया था. स्कूल रिकार्ड में रामलाल दर्ज करवाया है. किन्तु बचपन से आज तक मुझे कमलेश के नाम से पुकारते व जानते, पहचानते रहे हैं. मेरे द्वारा भी कमलेश के नाम का ही उपयोग कर व्यवहार रूप में शासकीय/अशासकीय जहां-जहां भी नाम बताने एवं लिखवाने का मौका आया है. मैंने अपना नाम कमलेश ही दर्ज करवाया है. चूंकि रामलाल व कमलेश मेरे ही नाम हैं. इसलिये रामलाल के बजाय मेरे प्रचलित नाम कमलेश का उपयोग कर रहा हूँ और आगे भी यही नाम व्यवहार में शासकीय/अशासकीय कार्यवाही में करता रहूंगा और सर्व-साधारण भी मुझे कमलेश के नाम से जाने, पहचाने व सम्बोधित करें.

पुराना नाम :
(रामलाल)

नया नाम :
(कमलेश)
पिता नागुलाल,
नया बाजार, रिंगनोद,
तह. जावरा, जिला-रतलाम (म. प्र.).

(616-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम विवाह पूर्व नगर निगम व मार्कशीट आदि दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पा बठीजा पुत्री श्री सुन्दरदास बठीजा निवासनी जबलपुर, म. प्र. था परन्तु दिनांक 03 जुलाई, 1987 को मनोज राजपाल पुत्र परमानंद राजपाल,

निवासी—यादव कॉलोनी, मेडीकल कॉलेज के पास, लश्कर, ग्वालियर से विवाह उपरांत मेरा नाम रीमा राजपाल पत्नी मनोज राजपाल हो गया है. अत: दिनांक 03-07-1987 से मुझे श्रीमती रीमा राजपाल के नाम से जाना, पहचाना जा रहा है और भविष्य में भी उपरोक्त परिवर्तित नाम से ही पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(पुष्पा बठीजा)

(PUSHPA BATHIJA)

(617-बी.)

नया नाम :

(रीमा राजपाल)

(REEMA RAJPAL)

पत्नी मनोज राजपाल.

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वर्तमान नाम पूजा जैन पति दिलीप कुमार जैन है. मेरा सही नाम विष्णुप्रिया जैन पति दिलीप कुमार जैन है. अत: भविष्य में इसी नाम से जाना, पहचाना जाए. इसमें मेरे परिवार की सहमति है.

पुराना नाम :

(पूजा जैन)

(618-बी.)

नया नाम :

(विष्णुप्रिया जैन)

ए-204, बी.सी.एम. हाइटस,
बाम्बे अस्पताल लिंक रोड, इन्दौर (म. प्र.).

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम दीप लकड़ा था, जिसे मैंने परिवर्तित कर दीप केरकेट्टा पुत्री श्री पौलुस केरकेट्टा रख लिया है. अत: भविष्य में मुझे मेरे समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मुझे दीप केरकेट्टा के नाम से जाना, पहचाना जाए.

पुराना नाम :

(दीप लकड़ा)

(619-बी.)

नया नाम :

(दीप केरकेट्टा)

निवासी—एल.आई.जी. सेक्टर जी,
मकान नं. 1527, दीनदयाल नगर,
ग्वालियर (म. प्र.).

नाम परिवर्तन

मेरा नाम आफताब चतुर्वेदी है किन्तु कुछ दस्तावेजों में आफताब आलम लेख किया गया है. इसलिए मेरे नाम को संशोधित कर आज से आफताब चतुर्वेदी पढ़ा व लिखा एवं माना, जाना जाए.

पुराना नाम :

(आफताब आलम)

(620-बी.)

नया नाम :

(आफताब चतुर्वेदी)

बंगला नं. 25, नौगाँव,
जिला छतरपुर (म. प्र.).

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम श्रीमती उरूसा फारूकी था, जो कि अब बदलकर श्रीमती बिलकिस फारूकी हो गया है. अत: अब सभी जन मुझे मेरे नए नाम बिलकिस फारूकी से ही जाने एवं पहचाने.

पुराना नाम :

(उरूसा फारूकी)

(623-बी.)

नया नाम :

(बिलकिस फारूकी)

779/1, सकेत नगर, मनीषपुरी,
जी-1, विजय अपार्टमेंट, ई ब्लॉक,
इन्दौर (म. प्र.).

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, अनुभाग-देवास

देवास, दिनांक 14 फरवरी, 2014

[पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा-5 (2) व पब्लिक ट्रस्ट नियम, 1952 के नियम 5(1) के अन्तर्गत]

क्र. 1540/रीडर-1/14.—अध्यक्ष श्री विमल शर्मा, मुख्य कार्यकारी न्यासी "श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास" देवास के नाम से पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है. आवेदन-पत्र के साथ ट्रस्ट का घोषणा-पत्र, उद्देश्य, नियमावली एवं ट्रस्ट की प्रस्तावना एवं उसकी रूपरेखा आदि के साथ संलग्न किया गया है. ट्रस्ट पंजीयन के संबंध में चालान क्रमांक 99, दिनांक 13 फरवरी, 2014 से भारतीय स्टेट बैंक, मोतीबंगला शाखा, देवास में पंजीयन शुल्क रुपये 5/- की राशि जमा कर चालान की प्रति संलग्न की गई है.

अत: "श्री योगमाया महालक्ष्मी पारमार्थिक न्यास" देवास के पंजीयन हेतु यदि किसी व्यक्ति विशेष अथवा कोई संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति आगामी पेशी दिनांक 18 मार्च, 2014 को समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में आगामी कार्यवाही सम्पादित की जावेगी.

आज दिनांक 14 फरवरी, 2014 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई.

धीरज श्रीवास्तव,
अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

(51)

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, राज. परि. एम. पी. नगर वृत्त, भोपाल

प्र. क्र./ 14/बी-113/2012-13.

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1952 के नियम 5(1) के अन्तर्गत]

समक्ष—रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, नजूल वृत, एम. पी. नगर, जिला-भोपाल.

जैसाकि अमित कुमार तिवारी, अध्यक्ष श्री गोविन्द शिक्षा न्यास, एच-62, बागमुगालिया एक्सटेंशन, भोपाल (म. प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अन्तर्गत आवेदन-पत्र सूची में दर्शाए सम्पत्ति के अनुसार पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 12 मार्च, 2014 को विचार में लिया जाएगा. कोई भी व्यक्ति जो ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के भीतर प्रस्तुत करें अथवा उक्त दिनांक को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

ट्रस्ट का नाम व पता	..	अमित कुमार तिवारी, अध्यक्ष श्री गोविन्द शिक्षा न्यास, एच-62, बागमुगालिया एक्सटेंशन, भोपाल
चल सम्पत्ति	:	5,000/-
अचल सम्पत्ति	..	निरंक

जी. एस. धुर्वे,
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(137)

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं संयुक्त कलेक्टर, उज्जैन

प्र. क्र. /बी-113/2013-14.

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1959 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2)

मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास,
उज्जैन, जिला उज्जैन के समक्ष.

चूँकि प्रतिनिधि अध्यक्ष, साध्वी हेमलता पुत्री श्री ईश्वरीय प्रसाद शर्मा, निवासी—ग्राम आलमपुर उडाना, तह. उज्जैन आदि ने श्री भारत माता सेवा श्रम न्यास आलमपुर उडाना, पोस्ट पंथपिपलई, तह. उज्जैन ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 20 फरवरी, 2014 को प्रातः 11.00 बजे स्थान कोठी पैलेस, उज्जैन का विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में की आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अतः मैं, पंजीयक, लोक न्यास एवं संयुक्त कलेक्टर, उज्जैन, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 20 फरवरी, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन तथा लोक न्यास का नाम और पता)

न्यास का नाम	..	श्री भारत माता सेवा श्रम न्यास आलमपुर उडाना, पोस्ट पंथपिपलई, तह. उज्जैन.
कार्यालय	..	आलमपुर उडाना, पोस्ट पंथपिपलई, तह. उज्जैन
अचल सम्पत्ति	..	निरंक
चल सम्पत्ति	..	ट्रस्ट के पास नगद 21,000/- रुपये हैं.

(338)

प्र. क्र. /बी-113/2013-14. उज्जैन, दिनांक 04 फरवरी, 2014

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1959 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2)

मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास,
उज्जैन, जिला उज्जैन के समक्ष.

चूँकि प्रतिनिधि अध्यक्ष, मदनसिंह पिता श्री चम्पालालजी डोडिया, निवासी—ग्राम दुबली, उज्जैन हाल मुकाम एल.आई.जी. द्वितीय 401, मकोडिया आम इंदिरा नगर, उज्जैन ने अखिल भारतीय क्षत्रीय खारोल समाज प्रान्तीय समिति, उज्जैन ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951

(1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को प्रातः 11.00 बजे स्थान कोठी पैलेस, उज्जैन का विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में की आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अतः मैं, पंजीयक, लोक न्यास एवं संयुक्त कलेक्टर, उज्जैन, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन तथा लोक न्यास का नाम और पता)

न्यास का नाम	..	अखिल भारतीय क्षत्रीय खारोल समाज प्रान्तीय समिति, उज्जैन.
कार्यालय	..	15, बिलोटीपुरा, चन्द्रशेखर आजाद मार्ग नं. 9, उज्जैन, तह. उज्जैन.
अचल सम्पत्ति	..	निरंक
चल सम्पत्ति	..	आवेदन अनुसार ट्रस्ट के पास नगद 21,000/- रुपये आवेदन-पत्र में होना बताया है.

(338-A)

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1959 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2)
मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास,
जिला उज्जैन के समक्ष.

चूँकि प्रबंध न्यासी शबीर शेख हसन अली हैदरी शॉप वाला, निवासी—126, खाराकुंआ बोहरा बाखल, उज्जैन द्वारा न्यास-अंजुमन-ए-नजमी दाऊदी बोहरा जमात ट्रस्ट हकीमी मोहल्ला, उज्जैन का मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को प्रातः 11.00 बजे स्थान कोठी पैलेस, उज्जैन का विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में की आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अतः मैं, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन तथा लोक न्यास का नाम और पता)

न्यास का नाम	..	अंजुमन-ए-नजमी दाऊदी बोहरा जमात ट्रस्ट, उज्जैन.
कार्यालय	..	8, बोहरा मस्जिद, भादरपुरा, खाराकुंआ, उज्जैन.
चल सम्पत्ति	..	आवेदन पत्रानुसार नगद 5,200/- रुपये.
अचल सम्पत्ति	..	निरंक

(338-B)

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1959 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2)
मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास,
जिला उज्जैन के समक्ष.

चूँकि प्रबंध न्यासी मुल्ला असगर अली मुल्ला ताहेर अली लाथावाला (इन्द्री.), निवासी—91/1, नजमी विला, डाबरी पीठा, दादा भाई नैरोजी मार्ग, उज्जैन द्वारा न्यास—दाउदी बोहरा जमात ट्रस्ट, इब्राहिम मोहल्ला, उज्जैन का मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को प्रातः 11.00 बजे स्थान कोठी पैलेस, उज्जैन का विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में की आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अतः मैं, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 28 फरवरी, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और मेरे कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास, की सम्पत्ति का वर्णन तथा लोक न्यास का नाम और पता)

न्यास का नाम	..	दाउदी बोहरा जमात ट्रस्ट, उज्जैन.
कार्यालय	..	42, बोहरा मस्जिद, इब्राहिमपुरा, उज्जैन.
चल सम्पत्ति	..	5,200/- रुपये.
अचल सम्पत्ति	..	निरंक

(338-C)

प्रारूप-चार

[नियम-5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1959 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2)
मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास,
जिला उज्जैन के समक्ष.

चूँकि प्रबंध न्यासी मुकेश पिता कुंजीलाल सुगंधी, निवासी—102, पार्श्वनाथ कॉम्पलेक्स, नई सड़क, उज्जैन द्वारा न्यास—हाटकेश्वर मंदिर

धर्मशाला दशोरा समाज ट्रस्ट, नदी दरवाजा, उज्जैन का मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 10 मार्च, 2014 को प्रातः 11.00 बजे स्थान कोठी पैलेस, उज्जैन का विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में की आपत्तियां करने या सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अतः मैं, पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 10 मार्च, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ.

अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और मेरे कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्राह्य नहीं किया जाएगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा लोक न्यास की सम्पत्ति का वर्णन)

न्यास का नाम	..	हाटकेश्वर मंदिर धर्मशाला दशोरा समाज ट्रस्ट, नदी दरवाजा, उज्जैन.
कार्यालय	..	नदी धर्मशाला, रामघाट, उज्जैन
अचल सम्पत्ति	..	अचल सम्पत्ति के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने से निरंक.
चल सम्पत्ति	..	निरंक.

शैलेन्द्रसिंह सोलंकी,

(339-D) पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सीतामऊ, जिला मन्दसौर

सीतामऊ, दिनांक 30 जनवरी, 2014

प्र. क्र. 01/बी-113 /2013-14.

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) लोक न्यास नियम, 1962 नियम-5 (1)]

पंजीयक, लोक न्यास, सीतामऊ, जिला मन्दसौर के समक्ष.

श्री श्री रामचन्द्रजी का मंदिर, ग्राम पतलासीकलां, तहसील सीतामऊ, जिला मन्दसौर, म. प्र.

2. चूँकि श्री रामचन्द्र जी का मंदिर धार्मिक न्यास गांव, पतलासीकलां, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर, म. प्र. द्वारा मुख्य न्यासधारी श्री रामेश्वर पिता कारूलाल जी प्रजापत आदि-12, निवासीयान पतलासीकलां, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म. प्र.) ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 26 फरवरी, 2014 को विचार के लिए लिया जावेगा.

3. कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में आपत्ति करने या सुझाव देने का अधिकार रखता हो और इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

4. अतः मैं, वीरसिंह चौहान, पंजीयक, लोक न्यास, सीतामऊ, जिला मन्दसौर का लोक न्यास का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 26 फरवरी, 2014 को अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ. अतः एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से नियत पेशी दिनांक 26 फरवरी, 2014 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करें और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः अथवा अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जावेगा.

सम्पत्ति का विवरण :— ट्रस्ट की सभी चल-अचल सम्पत्तियां ट्रस्ट के अधिकार व आधिपत्य में होकर जिनमें स्वत्व विलेख की छाया प्रतियां

संलग्न है जो निम्न प्रकार हैं.—

1. अचल सम्पत्ति:—ग्राम पतलासीकलां, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर स्थित श्री रामचन्द्र जी का मंदिर की लम्बाई 30 फीट तथा चौड़ाई 27 फीट है, ग्राम पतलासीकलां में निम्न कृषि भूमियां स्थित हैं सर्वे नं. 773 रकबा 0.300 हे., सर्वे नं. 826 रकबा 0.320 हे., सर्वे क्रमांक 828 रकबा 0.510 हे., सर्वे क्रमांक 830 रकबा 0.210 हे. सर्वे क्रमांक 839 रकबा 2.300 हे., सर्वे क्रमांक 858 रकबा 1.200 हे. कुल किता 6 कुल रकबा 4.840 हे., अनुमानित मूल्य लगभग 28,26,560/- रुपये है.

2. चल सम्पत्ति:—तीन चाँदी के मुकुट वजन 720 ग्राम, घण्टियां इत्यादि मूल्य 40,000/- रुपये है. इस प्रकार कुल चल-अचल सम्पत्ति का कुल अनुमानित मूल्य 28,64,560/- (अट्ठाईस लाख, चौसठ हजार, पाँच सौ साठ) रुपये है. ,

लोक न्यास का नाम "श्री रामचन्द्रजी का मंदिर धार्मिक न्यास, गांव पतलासीकलां, तहसील सीतामऊ, जिला मन्दसौर है."

वीरसिंह चौहान,
पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

(132-A)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, लोक न्यास, मल्हारगढ़, जिला मन्दसौर

दिनांक 30 जनवरी, 2014

प्र. क्र. 01/बी-113 /2013-14.

(प्रारूप-चार)

[नियम-5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 की उपधारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम-5 (1) देखिये]

चूँकि श्री मदनलाल पिता गोपीलाल सोलंकी आदि-5, निवासी संजीत ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लोक न्यास के पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर मेरे न्यायालय में दिनांक 06 मार्च, 2014 को दिन में सुबह 11.00 बजे विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति जो उक्त न्यास की सम्पत्ति में हित रखते हों और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहते हों तो लिखित में दो-दो प्रति इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के एक माह के अंदर प्रस्तुत करें. अन्यथा उक्त दिनांक को मेरे समक्ष में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं. उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

लोक न्यास का नाम व पता : श्री गायत्री परिवार ट्रस्ट, संजीत, तहसील मल्हारगढ़.

चल-अचल सम्पत्ति : निरंक.

आर. पी. वर्मा,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(133)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, बण्डा, जिला सागर

बण्डा, दिनांक 23 दिसम्बर, 2013

रा. प्र. क्र. 127 बी/121/वर्ष 2012-13. ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़.

आधारसिंह पिता गजराजसिंह लोधी,
निवासी ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़, जिला सागर, (म. प्र.) .....आवेदक

विरुद्ध

मध्यप्रदेश शासन .....अनावेदक

क्र./क/3129/री.-1/2013.—सर्व-साधारण को इश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक आधारसिंह पिता गजराजसिंह लोधी,

निवासी ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़, जिला सागर द्वारा मौजा ग्राम नौराज में स्थित श्री देव जानकी रमण मंदिर जो ट्रस्ट पंजी क्रमांक 06 ब पर पंजीकृत है. आवेदक द्वारा नवीन समिति के पंजीयन कराने हेतु आवेदन-पत्र तथा चालान की प्रति पेश की. मंदिर के नाम मौजा नौराज में ख. नं. 7, 9, 16, 187, 546, 550, 551, 554, 175 रकबा क्रमशः 1.80, 0.29, 0.26, 0.97, 0.15, 0.15, 0.05, 0.29, 1.47 कुल रकबा 1.47 कुल रकबा 5.43 हे. भूमि मंदिर के नाम दर्ज है, जिसके प्रबंधक कलेक्टर महोदय सागर हैं. उक्त मंदिर का ट्रस्ट गठन कर पंजीयन हेतु मंदिर समिति द्वारा निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :—

क्र.	प्रस्तावित नाम	पदनाम	निवास का पता
1.	श्री आधारसिंह पिता गजराजसिंह लोधी	अध्यक्ष	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
2.	श्री मलखान सिंह पिता हिम्मतसिंह लोधी	उपाध्यक्ष	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
3.	श्री मजबूतसिंह पिता सुकमनसिंह लोधी	सचिव	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
4.	श्री देवेन्द्र सिंह पिता गजराजसिंह लोधी	कोषाध्यक्ष	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
5.	श्री रतनसिंह पिता हल्काई लोधी	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
6.	श्री परषोत्तम पिता रामाप्रसाद पटैरिया	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
7.	श्री विजयन्त सिंह पिता दौलतसिंह लोधी	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
8.	श्री दुरगसिंह पिता सीताराम ब्राह्मण	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
9.	श्री गोपालसिंह पिता सीताराम ब्राह्मण	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़
10.	श्री इमरत पिता हरप्रसाद ब्राह्मण	सदस्य	ग्राम नौराज, तहसील शाहगढ़

उक्त मंदिर समिति के गठन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति समक्ष में स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. वाद म्याद निकलने पर आपत्ति प्रस्तुत करने पर किसी भी प्रकार का गौर नहीं किया जायेगा तथा आपत्ति मान्य नहीं होगी न सुनवाई की जावेगी.

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया.

जारी दिनांक 18 दिसम्बर, 2013.
पेशी दिनांक 20 जनवरी, 2014.

(135)

प्र. क्र. 219 बी/121 वर्ष 2012-13 मौजा चौकाभेड़ा, तह. बण्डा.

मनोज कुमार पिता परमेश्वर उर्फ बलराम प्रसाद दुबे,
निवासी ग्राम रामपुरा, तहसील रहली, जिला सागर, म. प्र. .....आवेदक

बनाम

मध्यप्रदेश शासन .....अनावेदक

सर्व-साधारण को इश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पिता परमेश्वर उर्फ बलराम प्रसाद दुबे, निवासी ग्राम रामपुरा, तह. रहली, जिला सागर, म. प्र. के द्वारा मौजा ग्राम चौकाभेड़ा, प. ह. नं. 93, तह. बण्डा में स्थित मंदिर श्री देव हरेश्वरजी, पार्वतीजी, गणेश जी, श्री कार्तिकेय जी, महावीर जी, मुह. गोपीप्रसाद, रामदुलारी, विश्वनाथ, बारेलाल साकिन देह के नाम ख. नं. 445, 461, 465, 480, 606, 608, 609, 913 कुल-08 मेडे रकबा क्रमशः 1.67, 0.19, 0.06, 0.67, 0.28, 0.25, 0.01, 0.50 हे. कुल रकबा 3.63 हे. जो श्रीदेव हरेश्वर जी, पार्वतीजी, गणेश जी, श्री कार्तिकेय जी, महावीर जी प्रबंधक कलेक्टर, सागर सा. देह भूमि स्वामी दर्ज है. आवेदक द्वारा श्रीमती रामदुलारी विधवा रघुनंदन दुबे, निवासी रामपुर तहसील रहली, जिला सागर की दिनांक 22 जुलाई, 2010 को मृत्यु हो जाने से आवेदक के स्वयं को मुहत्तमकार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है.

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति समक्ष में पेशी दिनांक 19 फरवरी, 2014 को स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. वाद म्याद गुजरने पर आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई भी विचार नहीं किया जावेगा.

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पद मुद्रा से जारी.

जारी दिनांक 24 जनवरी, 2014.

पेशी दिनांक 19 फरवरी 2014.

भूपेन्द्र कुमार गोयल,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(135-A)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, परगना गुना

प्र. क्र. 871/ बी-113/2013-14.

एतद्द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवणकुमार सोनी, मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ, गुना की ओर से एक आवेदन प्रस्तुत कर संलग्न गायत्री शक्ति पीठ की बैठक दिनांक 16-07-13 की छायाप्रति संलग्न करते हुये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि एक बैठक दिनांक 16-07-13 को आयोजित की गई. इसमें विभिन्न कारणों से 6 ट्रस्टियों ने त्यागपत्र दिये तथा एक ट्रस्टी के बैठक में भाग नहीं लेने तथा गायत्री परिवार के कार्यों में रुचि न दिखाने के कारण ट्रस्ट से पृथक् किया गया. यह निर्णय 11 ट्रस्टियों में से 9 ट्रस्टियों ने लिया. इस प्रकार 4 पुराने व 7 नये ट्रस्टियों को सम्मिलित किया गया है. उस अनुसार रिकार्ड में संशोधन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है. उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति है तो वह प्रकरण में नियत दिनांक 28-02-2014 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है. उक्त दिनांक निकल जाने के उपरांत किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जायेगी.

यह विज्ञप्ति आज दिनांक 11 फरवरी, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी की गई.

टी. एन. सिंह,
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(136)

न्यायालय रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, इन्दौर

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

श्री गुलाबचंद पारमार्थिक ट्रस्ट कार्यालय 11, सरजूप्रसाद मार्ग, इन्दौर की ओर से श्री आनंद पिता गोकुलदास, निवासी—50, गुलमोहर कॉलोनी, इन्दौर द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अतः सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	श्री गुलाबचंद पारमार्थिक ट्रस्ट.
कार्यालय	:	11, सरजूप्रसाद मार्ग, इन्दौर.
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रुपये 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र).

आज दिनांक 01 फरवरी, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

विजय कुमार अग्रवाल,
रजिस्ट्रार.

(139)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला राजगढ़ (ब्यावरा)

राजगढ़, दिनांक 12 फरवरी, 2014

क्र./आब./बकाया/14/248.—सर्व-साधारण की जानकारी के लिये यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि राजगढ़ जिले के निम्नानुसार अंकित आबकारी बकायादार का फोटो तथा उससे संबंधित जानकारी प्रकाशित की जा रही है. ये आबकारी बकायादार है तथा इनसे म. प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के अन्तर्गत बकाया राजस्व की वसूली की जाना है. अत: बकायादार के नीचे छपे चित्र वाले व्यक्ति को यदि कोई पहचानता हो तो उसके संबंध में आवश्यक जानकारी निवास स्थान अथवा कार्य करने के स्थान का पता इत्यादि चल/अचल सम्पत्ति की किसी भी व्यक्ति को जानकारी हो तो जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय राजगढ़ को आवश्यक रूप से सूचित करने का कष्ट करें.

सम्पर्क दूरभाष : 07372-255004

क्र.	बकायादार का फोटो	बकायादार का नाम एवं पता	बकाया का विवरण	कुल अवशेष राशि
1.	 विष्णु जायसवाल	मेसर्स सुखसंगम ट्रेडर्स, भागीदार— (1) श्री विष्णु जायसवाल पिता श्री फुन्दीलाल जायसवाल, पता— 129, राउत भवन पार्ले, ई. मुम्बई. कार्पोरेट ऑफिस 28, न्यू एम.एल.ए. क्वार्टर, जवाहर चौक, भोपाल. (2) श्री केशवसिंह पिता लालसिंह पता—129, राउत भवन पार्ले, ई. मुम्बई. कार्पोरेट ऑफिस 28, न्यू एम.एल.ए. क्वार्टर, जवाहर चौक, भोपाल.	वर्ष 2000-2001 की देशी/विदेशी मदिरा समूह राजगढ़ एवं सारंगपुर लायसेंस फीस की बकाया राशि.	1,23,51,556

आर. के. जैन,
जिला आबकारी अधिकारी.

(132)

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं, जिला इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 28 अक्टूबर, 2013

''कारण बताओ सूचना-पत्र''

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

1. अध्यक्ष-श्री मोहम्मद फारुख पिता श्री फकीर मोहम्मद,
   पता-412, सांई संपदा, ए.बी. रोड, इन्दौर.
2. उपाध्यक्ष-श्रीमती मनिता पति विपिन गुप्ता,
   पता-792, बजरंग नगर, इन्दौर.
3. उपाध्यक्ष-श्री रमेश पिता ग्यारसीलाल,
   पता-सी, 947 दीनदयाल उपाध्याय नगर, इन्दौर.
4. संचालक-श्री सुशील गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता,
   पता-71, इमली बाजार, इन्दौर.
5. संचालक-श्रीमती रेखा पति श्री रमेश,
   पता-3/1, खुशी पेलेस, इन्दौर.
6. संचालक-श्री सखाराम-जगन्नाथ,
   पता-570, भवानी नगर, सांवेर रोड, इन्दौर.

7. संचालक-श्रीमती रीता चौधरी पति सखाराम चौधरी,
पता-570, भवानी नगर, सांवेर रोड, इन्दौर.
8. संचालक-श्री मंकेश-मंगलप्रसाद,
पता-25-क नई आबादी, इन्दौर.
9. संचालक-श्री रमेश-गिरधारी,
पता-3/1, सूर्या पैलेस, इन्दौर.
10. संचालक-श्रीमती मंजु पति विनोद,
पता-127/4, माँ शारदा नगर, इन्दौर.
11. संचालक-श्रीमती सुमन पति रतन चौहान,
पता-102, खातीपुरा मेन, इन्दौर.

क्र./परि./2013/3353.—धनलाभ क्रेडिट को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी मर्या., इन्दौर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./आय.डी.आर./2518, दिनांक 29 दिसम्बर, 2011 है. संस्था के सम्बन्ध में जाँच अधिकारी श्री जी. एस. भाटिया, अंकेक्षण अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन में निम्न तथ्य प्रकाश में आये-

1. धनलाभ क्रेडिट को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी मर्या., इन्दौर की जाँच करने के लिये अधिकृत किया है. मैने दिनांक 18, 19 एवं 21 अक्टूबर, 2013 को इस संस्था के कार्यालय 218, 219 मेघदूत टॉवर, दूसरी मंजिल, स्कीम नं. 54, सयाजी होटल के पीछे इन्दौर में जाँच की गई.

2. इस संस्था में कैशबुक लिखी नहीं पाई गई है. हिसाब-किताब कैशियर ने रजिस्टर पर लिखा है. वर्तमान कैशियर कु. आशा परिहार ने बताया कि उनके पास दिनांक 10 अगस्त, 2012 से वर्तमान तक के रजिस्टर हैं. इन रजिस्टरों अनुसार प्रतिदिन जो सिल्लक शेष रहती थी वह संस्था अध्यक्ष फारुख गौरी या संस्था प्रबन्धक श्री विपिन गुप्ता को दे देती थी. इस प्रकार इस अवधि में इनके द्वारा रु. 1.25 करोड़ लगभग इन दोनों को दिये हैं. दिनांक 10 अगस्त, 2012 से पूर्व का हिसाब अभी अप्राप्त है.

3. संस्था द्वारा बिना सदस्य बनाये लगभग 500 लोगों को लगभग रु 84.00 लाख ऋण दिया है इनकी वसूली हुई है या नहीं? वसूली राशि किसने प्राप्त की है जानकारी अभी अप्राप्त है.

4. संस्था में लगभग 15 एजेन्ट थे जो लोगों से बचत राशि प्राप्त करते थे. इन एजेन्टों ने लोगों से लगभग रु. 2.50 करोड़ जमा होना प्रारम्भिक अनुमानों के आधार पर बताया है. जाँच कार्य जारी है. जमाकर्ताओं को सदस्य नहीं बनाया है.

5. संस्था का सदस्य रजिस्टर एवं ठहराव पुस्तिका देखने को मिली है. सदस्य रजिस्टर में पंजीयन के समय 50 लोगों के नाम हैं. उसके पश्चात् दिनांक 16 अगस्त, 2012 को श्रीमती नमिता गुप्ता को सदस्य बनाना दर्शाया है एवं सदस्य श्री विपिन पिता कन्हैयालाल जो पंजीयन के समय अध्यक्ष थे व बाद में प्रबन्धक बने हैं कि सदस्यता खारिज की है किन्तु कोई लिखापढ़ी नहीं है. इसके अतिरिक्त किसी भी जमाकर्ता एवं ऋण लेने वाले को सदस्य नहीं बनाया है. साथ ही संचालक मण्डल की प्रथम बैठक बाद मात्र बैठक बैंक को हस्ताक्षर नमूना भेजने के लिये 05 दिसम्बर, 2012 बैठक हुई है, इसके बाद कोई बैठक नहीं हुई है.

6. अंत समय में संस्था में 06 महिला कर्मचारी एवं 01 भृत्य-पुरुष कार्यरत थे जो वेतन न मिलने कारण अब कार्य पर नहीं आ रहे हैं.

7. संस्था में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा प्रबंधक के करार होने के बाद 09 संचालक शेष रहते हैं. उनमें से अभी तक 04 संचालकों का पता चला है. इनके द्वारा अपने बयान में बताया है कि उन्हें यह नहीं मालूम की वे संस्था के सदस्य होकर संचालक बने हैं.

उपरोक्त कारणों से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था उपनियम, नियमों एवं निर्देशों के अनुरुप कार्य करने के प्रति गम्भीर नहीं है तथा संस्था के अकार्यशील होने से संस्था को परिसमापन में लाये जाने का पर्याप्त आधार है.

अत: मैं, सी. के. तिवारी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटियां, इन्दौर मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक-एफ-5-1-99-पंद्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई 1999 से प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, की धारा-69 (3) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करता हूँ कि क्यों न संस्था को परिसमापन में लाया जावे तथा आपको अवसर प्रदान करता हूँ कि आप अपना इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण या पक्ष रखना चाहते हैं तो एक सप्ताह में लिखित में प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई चाहते हैं तो दिनांक 04 नवम्बर, 2013 को भी मेरे समक्ष व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं.

निर्धारित अवधि के सम्बन्ध में आपका प्रतिउत्तर न आने पर यह माना जाकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ भी नहीं कहना है तथा उक्त आरोप आपको स्वीकार हैं या आपका प्रतिउत्तर असंतोषजनक पाये जाने पर आगामी आदेश जारी कर दिये जावेंगे.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 28 अक्टूबर, 2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(107-A))

इन्दौर, दिनांक 28 अक्टूबर, 2013

''कारण बताओ सूचना-पत्र''

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटीज अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

प्रति,

1. अध्यक्ष-श्री रमेश चौहान पिता रामदास,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
2. उपाध्यक्ष-श्रीमती गौरी बाई पति श्याम सिंह,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
3. उपाध्यक्ष-श्री सरदार सिंह पिता रामप्रसाद,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
4. संचालक-श्री धन्नालाल लाड पिता भगवानसिंह,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
5. संचालक-श्रीमती गोरल बाई पति बालाराम,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
6. संचालक-श्रीमती लाड कुंवर पति सरदार सिंह,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
7. संचालक-श्रीमती चंदर बाई पति दयाराम,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
8. संचालक-श्रीमती तुलसाबाई पति पूरन सिंह,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.
9. संचालक-श्री करण सिंह पिता रामप्रसाद,
   पता-ग्राम-सोनवाय, इन्दौर.

क्र./परि./2013/3361.—गणेश खाद बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सोनवाय, इन्दौर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./आय.डी.आर./2488, दिनांक 10 फरवरी, 2011 है. संस्था के सम्बन्ध में जाँच अधिकारी श्री दीपक सोनी, सहकारी निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन में निम्न तथ्य प्रकाश में आये.—

1. महालेखाकार मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा माह अप्रैल, 2013 से अगस्त 2013 तक की अवधि में केन्द्रस्थ आधारित लेखा परीक्षा (सी.सी.ओ. बेस्ड ऑडिट) में जिले की गणेश खाद बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., सोनवाय में एक ही परिवार के निम्न व्यक्तियों को सदस्य बनाए जाने सम्बन्धी आपत्ति का उल्लेख किया है जो श्री दीपक सोनी, सहकारी निरीक्षक की जांच में प्रमाणित हुआ है—1. श्रीमती इंदिरा बाई पति करण सिंह, श्रीमती लाड बाई पति सरदार सिंह, श्री गोपालसिंह पिता सरदारसिंह श्री करणसिंह पिता रामप्रसाद, श्रीमती इन्द्रा बाई पति करणसिंह.

2. उपरोक्त व्यक्तियों की संस्था में सदस्यता के परीक्षण में संस्था रिकॉर्ड के अनुसार उक्त सभी सदस्य संस्था के पंजीयन के समय सदस्य बनाये जाना पाये गये हैं. अध्यक्ष श्री रमेश चौहान द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड में प्रबन्धकारिणी की बैठक दिनांक 12 अक्टूबर, 2013 की कार्यवाही में सदस्यों के त्यागपत्रों का उल्लेख है. जिसकी महालेखाकार द्वारा आपत्ति ली गई थी तथा अन्य पाँच सदस्यों द्वारा भी संस्था से त्यागपत्र अध्यक्ष को प्रस्तुत किया गया. अध्यक्ष द्वारा संचलक मण्डल की बैठक दिनांक 12 अक्टूबर, 2013 को सभी सदस्यों के त्यागपत्र स्वीकार किये गये.

3. वर्तमान में संस्था के पास मात्र 11 सदस्य शेष रहे हैं ऐसी स्थिति में संस्था का संचालन नियमान्तर्गत नहीं हो सकता है साथ ही अध्यक्ष द्वारा भी दिनांक 15 अक्टूबर, 2013 को उपरोक्त आधारों पर कार्यालय में संस्था पंजीयन निरस्त सम्बन्धी आवेदन दिया है.

4. संस्था की अंकेक्षण टीप वर्ष 2011-12 में अंकेक्षण आक्षेप के अनुसार अंकेक्षक द्वारा संस्था की पंजीकृत उपविधि में दर्ज उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा वर्ष 2011-12 में भी कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है. लगातार 02 वित्तीय वर्ष पूर्ण हो चुके हैं. ऐसी स्थिति में 02 वर्ष तक कार्य प्रारम्भ न करने के कारण संस्था के विरुद्ध मध्यप्रदेश सहकारिता अधिनियम, 1960 की धारा के अन्तर्गत परिसमापन में लाये जाने के उचित आधार विद्यमान हैं.

उपरोक्त कारणों से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था में उपनियम, नियमों एवं निर्देशों के अनुसार अस्तित्व में बने रहने के लिए न्यूनतम सदस्यता मापदण्ड की पूर्ति नहीं होती है तथा संस्था के अकार्यशील होने से संस्था को परिसमापन में लाये जाने का पर्याप्त आधार है.

अत: मैं, सी. के. तिवारी, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सोसायटियां, इन्दौर, मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पंद्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई 1999 से प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, की धारा-69 (3) के अन्तर्गत यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करता हूँ कि क्यों न संस्था को परिसमापन में लाया जावे तथा आपको अवसर प्रदान करता हूँ कि आप अपना इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण या पक्ष रखना चाहते हैं तो 01 सप्ताह में लिखित में प्रस्तुत करें. यदि आप व्यक्तिगत सुनवाई चाहते हैं तो दिनांक 04 नवम्बर, 2013 को भी मेरे समक्ष व्यक्तिगत् रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं.

निर्धारित अवधि के सम्बन्ध में आपका प्रतिउत्तर न आने पर यह माना जाकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ भी नहीं कहना है तथा उक्त आरोप आपको स्वीकार हैं या आपका प्रतिउत्तर असंतोषजनक पाये जाने पर आगामी आदेश जारी कर दिये जावेंगे.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 28 अक्टूबर, 2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

सी. के. तिवारी,
सहायक रजिस्ट्रार.

(107)

कार्यालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, इन्दौर संभाग

इन्दौर, दिनांक 03 दिसम्बर, 2013

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 ए/क (1),(2)व (3) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2013/1050.—अलीराजपुर साख सहकारी संस्था मर्या., अलीराजपुर (पंजीयन क्रमांक 01, दिनांक 12 मार्च, 2010) का जिन प्रयोजनों के लिए गठन एवं पंजीयन किया गया था, उसकी पूर्ति नहीं किए जाने एवं कोई कार्य व्यवसाय न करते हुए अकार्यशील बनी रहने के कारण संस्था का पंजीयन निरस्ती का प्रस्ताव उपायुक्त, सहकारिता, जिला अलीराजपुर द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया.

उपायुक्त सहकारिता, जिला अलीराजपुर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार एवं उनके द्वारा कराई गई जाँच के प्रतिवेदन दिनांक 15 अक्टूबर, 2013 के अनुसार संस्था में एक परिवार के एक से अधिक सदस्यों को नियम विरुद्ध सदस्यता दी जाकर तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-7 में संस्था के पंजीयन हेतु स्पष्ट प्रावधान है कि संस्था की सदस्यता 20 भिन्न-भिन्न परिवार के व्यक्तियों की होनी चाहिए, किन्तु 09 प्रवर्तक सदस्यों द्वारा उपरोक्त सारवान् तथ्य को छिपाते हुए संस्था के संगठक एवं पंजीयन प्राधिकारी को दुर्व्यपदेशित किया जाकर संस्था का पंजीयन कराया गया है.

उपायुक्त, सहकारिता, जिला अलीराजपुर द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि पंजीयन के उपरांत संस्था का कार्य आरम्भ किया जाना आवश्यक रहा है, जिसकी पूर्ति संस्था द्वारा नहीं की जाने से, जिस प्रयोजन हेतु संस्था का गठन हुआ है, उसकी पूर्ति नहीं हो रही है, जिससे संस्था का पंजीयन निरंतर रखा जाना विधि अनुकूल नहीं बताया है और इस हेतु नियमांतर्गत वैधानिक कार्यवाही की अभिस्तावना की है.

